दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 21 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

न्यायमूर्ति पवन कुमार भीमप्पा बजनथरी ने आज पटना उच्च न्यायालय के छियालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के राजेन्द्र नगर स्थित डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का उद्घाटन किया। मोईनुलहक स्टेडियम के पास बनाये गयी इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित पांच गैलरी बनाई गयी है। इसके साथ ही फोर–डी थियेटर, ऑडोटोरियम और छात्रों तथा शिक्षकों  के लिए डॉरमेट्री की भी सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सहयोगी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की बिहार अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को अपशब्द कहे जाने के कथित  मामले पर राजनीति गरमा गयी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ये बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। श्री चौधरी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष के महुआ की सभा में अपशब्द कहा गया है। इसका वीडियो वायरल है। उन्होंने कहा कि पहले राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान और अब राजद की सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणीयां की गयी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं को लोकतंत्र की मर्यादा का ख्याल नहीं है और वे अपने खराब संस्कारों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

————————————————————————

पूर्व मंत्री और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रातप यादव ने भी प्रधानमंत्री की दिवंगत माता जी को अपशब्द कहे जाने की कड़ी निंदा की है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि मां– मां होती है और उसका अपमान करने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं होती है, तो उनकी पार्टी आंदोलन करेगी।

—————————————————————

इधर, राजद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के लिए कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किये जाने के मामले को भाजपा की साजिश करार दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता चितरंजन गगन ने कहा कि बिहार अधिकार यात्रा को मिले जनसमर्थन से घबराकर भाजपा ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की विश्वसनीयता संदेहास्पद है और इसकी जांच की जानी चाहिए।

—————————————————————

जीएसटी सुधारों के तहत नई दरें कल से लागू हो जायेंगी। इससे आम लोगों को कई उत्पाद कम कीमत पर मिलने लगेंगे। अमूल ने अपने सात सौ से ज्यादा उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। इसके तहत घी, मक्खन, चीज, आईसक्रीम और अन्य दुध उत्पाद सस्ते होंगे। इन उत्पादों की कीमत में दो रुपये से तीस रुपये तक की कटौती की गयी है। इधर, कॉम्फेड ने भी सुधा दुध उत्पादों के कीमत में बड़ी कटौती का ऐलान किया है। कल से सुधा मक्खन की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक की, सुधा पनीर की कीमत में एक रुपये से पांच तक और सुधा घी की कीमत में पांच रुपये तक कटौती की घोषणा की है। आईआरसीटीसी ने भी एक लीटर रेल नीर की कीमत पंद्रह रुपये से घटाकर चौदह रुपये कर दी है।

—————————————————————

मानसून की सक्रियता में कमी से पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में बारिश में कमी दर्ज की गयी है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में आज सुबह से ही आसमान साफ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा।

———————————————————————————

मोक्ष की धरती गयाजी में पितृपक्ष मेले का आज समापन हो रहा है। मेले के अंतिम दिन भी देश–विदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु अपने पूर्वजों और दिवंगत आत्माओं की स्मृति में पिंडदान और तर्पण कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज श्रद्धालुओं द्वारा अक्षयवट वेदी पर सुख शैया दान और पिंडदान किया जा रहा है। इसके बाद पंडा पूजारियों द्वारा श्रद्धालुओं को सुफल दिया जाता है। पितरी अमावस के अवसर पर गयाजी के स्थानीय लोग भी पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए फल्गु नदी में तर्पण कर रहे हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।